Printed Pages : 5

# SJN-04

## B.A. (Part-I) Examination, 2021

## ( New Course )

## हिन्दी साहित्य

## [ Paper : First ]

## ( प्राचीन हिन्दी काव्य )

***Time Allowed : Three Hours***

***Maximum Marks : 75***

***Min. Pass Marks : 25***

**निर्देशः सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प हैं।

1. निम्नलिखित पद्यांशों में **किन्हीं तीन** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : [3 x 7=21]

(क) बासुरि सुक्ख न रैणि सुख, ना सुख सुपिने माँहि।
कबीर बिछुड़्या राम सूँ, ना सुख धूप न छाँहिं।।
अंषड़ियाँ झाँईं पड़ी, पंथ निहारि निहारि।
जीभड़ियाँ छाला पड़्या, राम पुकारि पुकारि।।

(ख) रोई गँवाए बारह मासा। सहस सहस दुख एक एक साँसा।।
तिल तिल बरस बरस परिजाई। पहर पहर जुग जुग न से राई।।
सो नहिं आवै रूप मुरारी। जासौं पावँ सोहाग सुनारी।।
साँझ भए झुरि झुरि पथ हेरा। कौन सोघरी करै पिउ फेरा।।

(ग) पथिक सँदेसो कहियो जाय।
आवैंगे हम दोऊ भैया मैया जनि अकुलाय।।
याको बिलगु बहुत हम मान्यो जो कहि पठयो धाय।
कँह लौ कीर्ति मानिये तुम्हरी बड़ो कियो पय प्याय।।
कहियो जाय नन्द बाबा सों अरु गहि पकर्‍यो पाय।
दोऊ दुखी होन नहिं पावहिं धूमरि धौरी गाय।।

(घ) जामवंत के बचन सुहाए। सुनि हनुमंत हृदय अति भाए ।।
तब लगि मोहि परिखेहु तुम्ह भाई। सहि दुख कंद मूल फल खाई।।
जब लगि आवौं सीतहि देखी। होइहि काज मोहि हरष बिषेखी।।
यह कहि नाइ सबन्हिं कहुँ माथा।
चले हरषि हिय धरि रघुनाथा।।

(ङ) भोर ते साँझ लौ कानन-ओर निहारति बावरी नेकु न हारति।
साँझ ते भोर लौं तारनि ताकि वो तारनि सों इकतार न टारति।
जौ कहूँ भावतो डीठि परै घन आनंद आँसुनि औसर गारति।
मोहन-सोहन जोहन की लगियै रहै आँखिन के उर आरति।

2. कबीर की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए । [12]

**अथवा**

''सूरदास में जितनी सहृदयता और भावुकता है, उतनी ही वाग्विदग्धता भी है।'' इस कथन की सोदाहरण पुष्टि कीजिए।

3. तुलसी की समन्वयवादी विचारधारा पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। [12]

**अथवा**

घनानंद के काव्यवैशिष्य पर सोदाहरण प्रकाश डालिए ।

4. **किन्हीं तीन** पर टिप्पणियाँ लिखिए : [3x15=15]

(i) रसखान का साहित्यिक परिचय

(ii) विद्यापति की काव्यभाषा

(iii) जायसी की रचनाएँ

(iv) कबीर का व्यक्तित्व

(v) सूर के काव्य का विषय

5. निम्नलिखित के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : (**कोई पन्द्रह**)

[15x1=15]

(i) एक सूफी कवि का नाम लिखिए।

(ii) रहीम किस राजा के शासनकाल के कवि थे ?

(iii) 'मैथिल कोकिल' किसे कहा जाता है ?

(iv) तुलसीदास के माता-पिता का नाम बताइए।

(v) नागमती किस राजा की रानी थी ?

(vi) 'वाणी का डिक्टेटर' किस कवि को कहा जाता है ?

(vii) कबीर के प्रमुख शिष्य का नाम लिखिए।

(viii) 'एक नयन कवि मुहमद गुनी'। किस कवि ने अपने विषय में लिखा है ?

(ix) सिंहलद्वीप की राजकुमारी का नाम बताइए।

(x) रहीम का पूरा नाम लिखिए।

(xi) 'मोरपखा सिर ऊपर राखिहैं।' किस रचनाकार की पंक्ति है ?

(xii) तुलसीदास के गुरू कौन थे ?

(xiii) 'सुजान हित' के रचनाकार कौन हैं ?

(xiv) विद्यापति किस राजा के दरबारी कवि थे ?

(xv) 'तुलसीदास' के गुरू का नाम बताइए।

(xvi) 'तुलसीदास' की प्रामाणिक रचनाओं की संख्या बताइए।

(xvii) 'जोग ठगौरी ब्रज न बिकैहै' किस कवि ने लिखा है ?

-----x------